सफाई कर्मचारी की हडताल, शहर में लगे गंदगी के ढेर

गंगापुर सिटी । राजस्थान सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले नगर परिषद के सफाई कर्मचारी 5वें दिन मंगलवार को भी सफाई भर्ती में केवल वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने सहित अन्य मांगों को लेकर सामूहिक अवकाश पर रहे। मंगलवार को सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर नगर परिषद कार्यालय तक रैली निकाली।

■ **सफाई कर्मचारी 5वें दिन मंगलवार को भी सफाई भर्ती में केवल वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने सहित अन्य मांगों को लेकर सामूहिक अवकाश पर रहे।**

साथ ही नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। सफाई कर्मचारियों की हडताल से सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

जगह-जगह गंदगी और कचरे के ढेर लगे हैं। साथ ही कचरा नहीं उठने से बारिश के कारण अब सडने लगा है।

सुबह करीब साढे 9 बजे सभी सफाई कर्मचारी गुडगली के पास पार्किंग में एकत्रित हुए। यहां से सैंकडों सफाई कर्मचारी रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए और अपनी मांगों के संबंध में हाथों में बैनर-तख्ती लिए रवाना हुए। रैली देवी स्टोर से चौपड, घास मंडी, बद्रीनाथजी मंदिर, देवी स्टोर चौराहा, व्यापार मंडल, कोतवाली थाना, कचहरी रोड होते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंची। इस दौरान संघ से जुडे सफाई कर्मचारी प्रह्लाद नरवाल, घनश्याम कलोसिया, महामंत्री मनीराम कलोसिया, कमलेश, विकाश, रामावतार, बिरजू नकवाल, बबलू, नंदू, पप्पू, राधेश्याम, अर्जुन, अरुण, प्रेमप्रकाश, विनोद, नवीन और समाज के पूर्व पार्षद सतीश धामोनिया शामिल रहे।

गंगापुर सिटी मे रैली निकालते सफाई कर्मचारी।

सफाई कर्मचारी भर्ती में परंपरागत सफाई कार्य से जुडे वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने और सफाई कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया 2012 के अनुसार वाल्मीकि और हेला समाज को सीधी नियुक्ति देने की मांग की है। उनका कहना है कि वर्तमान भर्ती प्रक्रिया 2024 में 2012 के भर्ती नियमों में पूर्ण पालना नहीं की जा रही है, जो नियमानुसार गलत है। इसके अलावा सफाई कर्मचारी भर्ती में पूर्व में राज्य के नगर निगम और नगरीय निकायों में सफाई का कार्य किए गए कार्मिकों को अतिरिक्त बोनस अंक देकर वरीयता दी जाए।

सफाई कर्मचारियों के 26 जुलाई से सामूहिक अवकाश पर जाने से सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। शहर में न तो समय पर सफाई हो पा रही है और न ही गंदगी कचरे का समय पर उठाव हो रहा है।

ऐसे में बारिश का मौसम होने के कारण जगह-जगह पडा कचरा अब सडने लगा है।

इसके कारण कचरे की दुर्गंध से लोगों का निकलना भी मुश्किल हो गया। साथ ही वातावरण प्रदूषित होने से बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है।

बिजली बिलों में बढोतरी का विरोध किया

भरतपुर (निस)। ज़िला व्यापार महासंघ द्वारा आगामी बिजली बिलों में बढोतरी होने पर अपना विरोधी प्रगट किया। जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता द्वारा बताया गया कि व्यापार जगत काफी लम्बे समय से बिजली सस्ती करने की मांग करता रहा हैं, लेकिन इसके उलट आर ई आर सी द्वारा घरेलू ब कोमर्सियल सभी उपभोगताओ के बिलों में स्थाई शुल्क के साथ साथ फ्यूल सरचार्ज वसूलने के निर्णय चौकाने वाला है, जिसका की भरतपुर ज़िला व्यापार महासंघ द्वारा आलोचना कर विरोध करता है। ज़िला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश बजाज ने बताया की यह अजीब तरह के निर्णय उद्योग जगत के लिए चिन्ता के विषय है की सुबह 6 से 8 और शाम 6 से 10 बिजली महंगी मिलेंगी। बाजारों में भी मध्यम वर्ग के व्यापारी पर भी इससे फर्क पडेगा। ज़िला प्रवक्ता विपुल शर्मा ने बताया की मौजूदा वक्त में व्यापार की हालत नाज़ुक बनी हुई है इससे महंगाई का भार आम जनता पर पडेगा क्यू की बिजली महंगी होने से उत्पादन की लागत मे वृद्धि होगी, साथ ही उद्योग धंधे पडोसी राज्यों से स्पर्धा भी नहीं कर पाएंगे। सरकार को फ्री की रेवडी बाटनी बन्द करनी चहिए प्रदेश में लगभग डेढ करोड बिजली उपभोगता हैं और 98 लाख उपभोगताओं को सब्सिटी के रूप में लगभग सवा 5 करोड सब्सिटी के रूप में बांट दिए जाते है।

साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजीत

करौली(नि.स.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 6 माह से लंबित चल रहे प्रकरणों, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, लोकायुक्त कार्यालय, जनसुनवाई मे प्राप्त प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने, इसके अलावा ई-फाईल एवं ई-डाक की शत प्रतिशत पालना करने के निर्देश दिये, गत दिनों रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों व परिवादों को समय सीमा में निस्तारण करने कि बात कही।

जिला कलेक्टर कलेक्ट्रेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होने बैठक मे सीएमएचओं को मौसमी बीमारियों के संबंध मे सतर्क व सक्रिय रहकर कार्य करने एवं चिकित्सालयों में दवाईयों की पूर्ण उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दिये। पीएचईडी के अधिकारी को पेयजल व्यवस्था सुचारू रखने,टैंकरों के लंबित चल रहे बिलों को समय पर जमा कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी को जिले मे सूचारू रूप से विद्युत आपूर्ति रखने, आमजन की विद्युत संबंधी समस्याओं का समय सीमा मे निस्तारण करने,ढीले तारों को टाईट करने, के निर्देश दिये। नगरपरिषद आयुक्त को शहर में नियमित साफ सफाई करवाने,वर्षा के मौसम में जिन विभागों को पौधारोपण के लक्ष्य आवंटित किये गये है उनको समय पर पूर्ण करने एवं प्रतिदिन रिपोर्ट भिजवाने के भी निर्देश दिये एवं 7 अगस्त को विशेष अभियान के तहत विभिन्न विभागों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के निर्देश भी दिये।

सोशल मीडिया पर अभियान चलाकर पीड़ित परिवार की मदद

करौली (नि.स.)। सपोटरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नारौली के गांव चीरकीनरौली में विगत दिनों एक शादी समारोह के दौरान करंट लगने से चार बहनों के इकलौते भाई की मौत हो जाने से परिवार पर पहाड सा टूट पडा। जिसे लोगो ने आर्थिक मदद दी है। विगत 15 दिन पूर्व चचेरे भाई कि शादी के दौरान भोजन सामग्री परोस ने का काम कर रहा था इस बीच लोहे के पॉल में करंट आने से जीतराम पुत्र रामफूल कि मौत हो गई परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण ग्रामीण और सपोटरा के युवा नेताओ के द्वारा सोशल मीडिया पर आर्थिक सहयोग के लिए अभियान चलाया जिसमें सभी लोगों ने बढ चढकर आर्थिक सहयोग प्रदान किया युवा नेता विष्णु सैनी नरौली ने बताया कि चार बहनों के बीच एक मात्र भाई की मृत्यु हो जाने से बीमार माता-पिता पर बहुत बडा परिवार का आर्थिक संकट आ गया। इकलौता बारिश चले जाने से माता-पिता और बहनों के आंसू अब तक नहीं रुक रहे हैं जिसके चलते सोशल मीडिया पर अभियान चला कर सर्व समाज कि ओर से 1 लाख 26हजार रुपये कि आर्थिक सहायता मृतक के परिवार को सौंपी गई जिसमें मृतक कि दो बहनों के नाम 25-25 हजार कि एफडीआर एवं 77 हजार एक सौ अडसठ रू परिवार को नगद भेंट किए गए।इस दौरान सपोटरा माली समाज के समिति अध्यक्ष जतीराम माली,संगठन मंत्री रूपलाल माली, रामफूल, रामराज, हरी, प्रभु, रमेश, आदि सहित चीरकीनरौली के ग्रामीण एवं परिवारजन मौजूद रहे।

सपोटरा के नारौली गाव के पीडित परिवार को आर्थिक सहायता सौपते लोग

हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह

करौली (नि.स.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि जिला मुख्यालय सहित सम्पूर्ण जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सभी विभागीय अधिकारी स्वतन्त्रता दिवस समारोह से संबंधित कार्यों को तय की गई समय सीमा मे पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम में पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। जिला कलक्टर ने कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता दिवस समारोह संबंधी तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान करते हुये यह बात कही। उन्होने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह हर वर्ष की तरह भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित होगा। इस संबंध मे अधिकारियों को सौपें गये कार्यो को समय सीमा मे पूर्ण करने के निर्देश जारी किये गये। उन्होने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश, बैठक व्यवस्था, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित हर आयोजन की तैयारिया संबंधित अधिकारी समन्वयता रखते हुए पूर्ण करें। बैठक में जिला कलक्टर ने बताया कि स्वतन्त्रता दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा प्रात: 9.05 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रीय धुन पर गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण कर मार्च पोस्ट की सलामी लेगें। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा शहीद सैनिकों के आश्रितों का सम्मान किया जाय। बैठक में जिला कलक्टर ने बताया कि 15 अगस्त को कलेक्टर निवास पर प्रात: 8 बजे तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन पर 8.30 बजे जिला कलेक्टर द्वारा झण्डारोहण किया जाएगा। जबकि इसी दिन समस्त सरकारी भवनों एवं शिक्षण संस्थाओं पर संबंधित कार्यालय निर्धारित समय पर झण्डारोहण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से मनाए जाने के लिए कार्यक्रम प्रबंध, व्यवस्था, साफ-सफाई एवं रोशनी, पारितोशिक एवं प्रशंसा पत्र चयन, पारितोषिक वितरण, रंगोली सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रम,मंच संचालन आदि समितियों का गठन किया गया है, जिनमेंविभिन्न अधिकारियों को अध्यक्ष एवं सदस्य बनाकर दायित्व सौंपा गया है।इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकरलाल मीणा, उपखंड अधिकारी पिंकी गुर्जर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदयभान चारण, उपस्थित रहे ।

सीएमएचओ ने किया चिकित्सा संस्थाओं का निरीक्षण

करौली (नि.स.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की आमजन तक सुचारू पहुंच की सुनिष्चितता के लिए सीएमएचओ डॉ. दिनेषचंद मीना ने सीएचसी मासलपुर,पीएचसी कोटा छाबर और सब सेन्टर कसारा का औचक निरीक्षण किया जहां चिकित्सक अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी जताई और नोटिस जारी करने के निर्देष प्रदान किये। डॉ मीना ने पीएचसी कोटाछाबर पहुंच कर उपस्थिति पंजिका अनुसार कार्मिकों कि मौजूदगी जांची और ओडीके एप के माध्यम से निरीक्षण दर्ज कराया।

पीएचसी पर चिकित्सक डॉ. आदित्य मित्तल अनुपस्थित मिले। उन्होनें संस्था पर ओपीडी, आईपीडी, जांच, दवा की उपलब्धता सहित एनसीडी में कार्य की समीक्षा कर प्रगति के निर्देष प्रदान किये।

इसी क्रम में उन्होंने सीएचसी मासलपुर का निरीक्षण किया जहां चिकित्सकों के उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर पाये गये और मौके पर नदारद मिले। उन्होनें मासलपुर में एनसीडी स्क्रीनिंग और सर्वे की स्थिति कमजोर पाये जाने पर एएनएम को आपसी समन्वय से क्षेत्र में कार्य करने के लिए पाबंद किया और आगामी सप्ताह में एनसीडी सर्वे, स्क्रीनंग,आयुष्मान कार्ड वितरण और ई.केवाईसी में प्रगति के निर्देष प्रदान किये।

सार-समाचार

कार्यसमिति की बैठक आयोजित

सूरौठ । भारतीय जनता पार्टी मण्डल सूरौठ की मण्डल कार्यसमिति की बैठक एसबीआई बैंक के पास एक निज आवास पर सम्पन्न हुई। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष चरणसिंह सोलंकी ने की, वहीं मुख्य अतिथि जिला मंत्री सतपाल चौधरी थे ,मण्डल कार्यसमिति में वक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी जिसमें मण्डल अध्यक्ष चरणसिंह सोलंकी ने कहा कि मण्डल के दायित्ववान कार्यकर्ता राज्य सरकार द्वारा बजट में घोषित योजनाओं का प्रचार प्रसार कर जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें साथ ही अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करें।जिला मंत्री सतपाल चौधरी ने अभी हाल ही में इस क्षेत्र के लिए बजट में घोषित योजनाओं की जानकारी दी, जिला कार्यसमिति सदस्य अमरसिंह मीणा ने परिवर्तित बजट में सरकारी सेवाओं के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) में सामान्य श्रेणी के 40 और एसटी ,एससी के 35 प्रतिशत अंक वाले अभ्यर्थियों को शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया इसके साथ ही मण्डल महामंत्री देवानन्द गुप्ता ने परिवर्तित बजट में मुख्यमंत्री द्वारा राशन के पात्र सभी 1.09 करोड परिवारों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा करने के कदम की सराहना की जिला कार्यसमिति सदस्य नत्थू सिंह राजावत ने मुख्यमंत्री जी के सपोटरा तहसील में 7 अगस्त को प्रस्तावित दौरे के वारें में जानकारी दी इस अवसर पर मण्डल उपाध्यक्ष मंगेश गुप्ता,मण्डल महामंत्री देवानन्द गुप्ता,केशव देव शर्मा एससी मोर्चा के जिला महामंत्री रतनलाल कोली, सूरौठ शक्ति केंद्र संयोजक मुकेश शर्मा,भुकरावली शक्ति केंद्र संयोजक रमेश कोली, मण्डल आईं टी संयोजक उज्जवल पालीवाल,बूथ अध्यक्ष अशोक सैनी , प्रदीप गौड आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भर्ती शिविर लगाए जाएंगे

करौली (नि.स.)। करौली जिले के समस्त ब्लॉक लेवल पर एसआईएस इण्डिया लिमिटेड न्यू दिल्ली के द्वारा सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र मे अपना भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर है। उक्त जानकारी भर्ती अधिकारी पी एन मलिक ने बताया कि भर्ती हेतु सुरक्षा जवान की शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट,लम्बाई 167.5 सेमी0 और सुरक्षा सुपरवाइजर की लम्बाई. 170 सेमी0 व उम्र. 19 से 40 वर्ष एवं वजन. 56 से 90 किग्रा होना चाहिए। उन्होंने बताया है कि नौकरी के दौरान मिलने वाली सुविधायें यथा पीएफए ई0एस0आई0ए ग्रेच्युटी, पेंशन, मेडिकल इंश्योरेंस, बोनस और 65 वर्ष तक स्थाई नौकरी मिलेगी। प्रशिक्षण के उपरांत एलाल किला दिल्ली, एम्स हॉस्पिटल दिल्ली, बांके बिहारी मंदिर वृंदावन मथुरा, अक्षय पात्र मथुरा, आईआईटी कानपुर, मेट्रो कानपुर, हैलट हॉस्पिटल कानपुर, सासनी हाथरस, अलीगढ एआरएमएल हॉस्पिटल दिल्ली, जेवर एयरपोर्ट नोएडा, सफदरजंग हॉस्पिटल दिल्ली, एलआईसी ऑफिस दिल्ली, कुतुब मीनार दिल्ली, मेरठ इंडस्ट्रीज एरिया, यमुना एक्सप्रेस आगरा टोल टैक्स, ताजमहल, लाल किला आगरा, फतेहपुर सीकरी दरगाह आगरा, धार्मिक स्थल, अस्पताल, बैंक, एयरपोर्ट, मैट्रो, होटल एवं निजी इंडस्ट्रीज में ड्यूटी दी जायेगी, शिक्षित बेरोजगर अपने मूल दस्तावेज के साथ भर्ती षिविर में उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने बताया जिले में दिनांक . 5 से 6 अगस्त को हिंडौन पंचायत समिति में,7 से 8 अगस्त को मंडरायल पंचायत समिति,9 से 12 अगस्त को मासलपुर पंचायत समिति,13 से 14 अगस्त को नादौती पंचायत समिति,20 से 21 अगस्त को सपोटरा पंचायत समिति,22 से 23 अगस्त को श्री 'महावीर जी पंचायत समिति,2 सितम्बर से 3 सितम्बर को टोडाभीम पंचायत समिति एवं 4 से 6 सितम्बर को करौली पंचायत समिति में आवेदन जमा करा सकते हैं।

कृषको को किया जाएगा पुरूस्कृत

करौली(नि.स.)। कृषि एवं पदेन परियोजना निदेषक आत्मा के उपनिदेषक धर्मसिंह मीना ने बताया कि आत्मा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 मे राज्य, जिला तथा पंचायत समिति स्तर पर विभिन्न कृषि उद्यमों के श्रेष्ठ कृषको को पुरूस्कृत किया जायेगा एवं आत्मा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम के तहत कृषि उद्यमों के श्रेष्ठ कृषको को राज्य, जिला एवं पचायत समिति स्तर पर चयन कर पुरूस्कृत किया जायेगा। राज्य स्तर पर राषि 50हजार रूपये, जिला स्तर पर 25हजार रूपये एवं पंचायत समिति स्तर पर 10हजार रूपये प्रति कृषक पुरूस्कार का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि पुरूस्कार हेतु प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर 5-5 कृषकों का चयन प्रत्येक गतिविधिवार अलग-अलग कृषि, उद्यानिकी,पषुपालन एवं डेयरी,जैविक खेती, नवाचारी खेती, चयन गतिविधियो में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कृषको में से एक-एक कृषक का चयन किया जायेगा। इस प्रकार प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर कुल 5 कृषको का चयन गतिविधिवार किया जायेगा।

भर्ती की अंतिम तिथि 14 अगस्त

करौली(नि.स.)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला एवं सेषन न्यायाधीष ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली कि मोडीफाईड लीगल ऐड डिफेंस काउन्सिल स्कीम 2022 के प्रावधानों के अनुरूप लीगल ऐड डिफेंस काउन्सिल करौली के कार्यालय हेतु अधिवक्ता कि भर्ती प्रक्रिया की जानी है।

मासिक बैठक संपन्न

गंगापुर सिटी । लघु उद्योग भारती गंगापुर सिटी इकाई की मासिक मीटिंग का आयोजन इकाई अध्यक्ष देवेश पितलिया की अध्यक्षता में खंडेलवाल इंडस्ट्रीज पर किया गया। मीटिंग की शुरआत माँ भारती एवं भगवान विश्वकर्मा वंदना से हुई। मीटिंग में महामंत्री शिवम जांगिड ने बताया की पिछली मीटिंग में उद्यमियों द्वारा उद्योग संबंधी समस्याए बताई थी जिसमे लघु उद्योग भारती द्वारा किये गए प्रयासों से कुछ समस्याओं का समाधान हुआ है। लघु उद्योग भारती द्वारा पत्र के माध्यम से रीको के वरिष्ठ अधिकारियो को सूचित करने के बाद रीको द्वारा पिछडे जिलों को दी जाने वाली लैंड सब्सिडी की किश्त राशि अब लाभार्थियों को मिलना शुरू हो गयी है। इकाई अध्यक्ष ने बताया की गंगापुर सिटी ने रेलवे रैक पॉइंट नहीं होने से यहाँ का व्यापार आगे नहीं बढ रहा है।

इस संबंध में जिला कलेक्टर को अवगत कराया है साथ ही रेलवे डीआरएम कोटा को भी अवगत करवाकर रेलवे रैक पॉइंट की मांग को तेज किया जाएगा। साथ ही अध्यक्ष ने संगठन विस्तार हेतु वार्ता की जिसमे ज्यादा से ज्यादा सदस्य लघु उद्योग भारती में जोडे जाने पर सहमति बनी। मीटिंग में इकाई अध्यक्ष देवेश पितलिया, महामंत्री शिवम जांगिड, कोषाध्यक्ष संकेत गुप्ता, मंत्री संतोष गुप्ता, हनुमान नारौली, जगदीश हेमनानी, वीरेंद्र गोयल, पिंटू कैमला, हनुमान, श्यामलाल, सुनील अधिवक्ता सदस्य उपस्थित थे।

भाजपा कार्य समिति की बैठक का आयोजन

करौली(नि.स.)। करौली जिला मुख्यालय सहित मासलपुर मंडल मुख्यालय पर भाजपा कार्य समिति कि अलग-अलग बैठके आयोजित हुई।

भाजपा शहर मंडल करौली कि कार्य समिति कि बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता शहर मण्डल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने कि वही मुख्य अतिथि विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी रहे। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने राजनीतिक प्रस्ताव रखा तथा अपने उद्बोधन में लोकसभा चुनाव में देश कि जनता ने लगातार तीसरी बार विश्वास जताते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में भारतीय जनता पार्टी कि सरकार बनाई है तथा राजस्थान विधानसभा के चुनाव मे राजस्थान कि जनता ने 5 वर्ष की कांग्रेस के शासन की अराजकता,जर्जर कानून व्यवस्था, महिलाओं में असुरक्षा युवाओं के सपनों को चकनाचूर करते हुए सरकारी संरक्षण में लगभग सभी परीक्षाओं के पेपर लिक जैसे मुद्दों को लेकर लगातार भाजपा कार्यकर्ताओं की संघर्ष तथा जन आक्रोश यात्रा नहीं सहेगा राजस्थान तथा परिवर्तन संकल्प यात्रा के माध्यम से तत्कालीन कांग्रेस सरकार के विरुद्ध जनाक्रोश यात्रा निकालकर कांग्रेस सरकार को उखाड फेंक कर केंद्रीय नेतृत्व में एक आम कार्यकर्ता को आमजन के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की कमान भजनलाल शर्मा को सौंपी। मुख्य वक्ता विधान सभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी ने कहा कि यह पार्टी कार्यकर्ताओं की जीत है भजनलाल सरकार में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा पहला बजट सत्य पेश किया गया जिसमें राजस्थान को अनेकों सौगात मिली है। राजनीतिक प्रस्ताव के समर्थन मे मंडल महामंत्री आशीष जैन,तेजेंद्र सिंह, नितेश महावर ने किया। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष सुमित भट्ट,पंकज अग्रवाल,धन सिंह माली,मुकेश माली, तरुण शर्मा,जितेंद्र सैनी,आशा शर्मा,मीना जगा,भाजपा कार्यकर्ता भाजपा कार्यकर्ता बनवारी लाल सैनी,रोहित शर्मा,कपिल शर्मा,मनीष सैनी,पुष्पेंद्र, विक्की,डूंगर सिंह गुर्जर आदि दर्जनो कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा भाजपा मंडल मासलपुर कार्यसमिति बैठक कि शुरुआत माँ भारती के चित्रपट्ट पर दीप प्रज्ज्वलित कर की गई बैठक कि अध्यक्षता राजेन्द्र वर्मा ने कि. बैठक में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष सुरेश शुक्ला रहे.बैठक में सरकार कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुँचाने एव आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दीएव राजनैतिक प्रस्ताव रखते हुए केंद्र व राज्य सरकार के बजट कि सराहना व समर्थन किया।

■ **बैठक की अध्यक्षता शहर मण्डल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने की**

करौली में भाजपा कार्यसमिति की बैठक मे विभिन्न मुद्दो पर हुई चर्चा।

इस दौरान भास्कर शर्मा, हजारी माली,सतपाल कश्यप,चेतराम माली, राम भरोसी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नियुक्ति की मांग की

भरतपुर (निस)। पूर्व मंत्री एवं भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने राज्य विधानसभा की पटल पर आरबीएम अस्पताल में सुपर स्पेशिलियटी विभागों में रिक्त पडे 57 पदों को भरने की मांग की है। जिससे संभाग के लोग लाभान्वित हो सकें। विधायक डॉ. गर्ग ने विधानसभा में विशेष उल्लेख प्रस्ताव के जरिये बताया कि भरतपुर मेडिकल कॉलेज से संबद्ध आरबीएम अस्पताल में विगत बजट घोषणाओं में 11 सुपर स्पेशिलियटी विभाग शुरू करने की घोषणा की गई थी। लेकिन सुपर स्पेशियलिटी विभागों में रिक्त पद पडे होने की वजह से लोगों को जयपुर, दिल्ली सहित अन्य सेंटरों पर जाकर इलाज कराने के लिए विवश होना पडता है। जिससे उन पर आर्थिक भार पडता है और समय भी ख़राब होता है। उन्होंने बताया कि आरबीएम अस्पताल में न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी, एण्डोकोलॉजी, गैस्ट्रोलॉजी, गेस्ट्रोसर्जरी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, ऑन्कोलॉजी सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, इंडोक्रोनोलॉजी विभाग में 10-10 पद प्रफेसर व एसोसिएट प्रोफ़ेसर, 17 पद असिस्टेंट प्रोफ़ेसर एवं सीनियर रेजिडेंस डॉक्टर एवं जूनियर रेजिडेंस डाक्टर के 61 पद स्वीकृत किये गए थे। जिनमें से मात्र 4 पदों पर ही सुपर स्पेशलिस्ट कार्यरत हैं। बाकि 57 पद अभी रिक्त है। इन खाली पडे पदों के भर जाने से भरतपुर संभाग के लोगों को सुपर स्पेशियलिटी की सेवाएं मिल सकेंगी तो उन्हें अन्य स्थानों पर इलाज के लिए नहीं जाना पडेगा।

जन चेतना रैली का आयोजन

करौली(नि.स.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में आयोजित राज्य पुरस्कार स्काउट एवं रोवर प्रशिक्षण शिविर के संभागियों ने पर्यावरण जन जागरूकता अभियान के तहत जन चेतना रैली का आयोजन किया जिसको संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह ने कहा की स्काउट गाइड पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते हैं एक पेड मां के नाम अभियान के तहत भी उल्लेखनीय कार्य करें और अधिक से अधिक पेड लगाकर उन्हें पालकर बडा करें।

सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की स्काउट गाइड द्वारा राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे एक पेड मां के नाम अभियान के लिए आम जन प्रेरणा जागृत करने की दृष्टि से एक पर्यावरण जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसको कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचने पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की स्काउट गाइड कार्यकर्ता प्रत्येक विद्यालय में होते हैं और वह पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते हैं उन्होंने स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि वह राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे एक पेड मार्ग के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें एवं लगाए गए पेडों की पूर्ण सार संभल कर उन्हें बडा करें उन्होंने कहा कि आज तापमान निरंतर बढ रहा है जिससे आम जन परेशान है जिसका मूल कारण पेडों की अंधाधुंध कटाई है उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की उन्होंने कहा कि वह अपने-अपनी मित्रों परिजनों पडोसियों एवं गांव वासियों को भी वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित करें

इस अवसर पर उप जिला कलेक्टर मंडरायल बृजेश गुप्ता ने भी स्काउट गाइड द्वारा आयोजित की गई पर्यावरण जन जागरूकता रैली मैं शमिल स्काउट गाइड का उत्साह वर्धन किया। इससे पूर्व पुरानी नगर पालिका पर नगर परिषद सभापति पूनम पचौरी एवं समाज सेवी मुकेश पचोरी द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

रैली पुरानी नगर पालिका से प्रारंभ होकर फूटा कोट अनाज मंडी वजीरपुर गेट होती हुई कलेक्ट्री पहुंची एवं कलेक्ट्री से होली खिडकियां सीताबाडी होती हुई मदन मोहन जी पहुंची स्काउट गाइड ने रैली के दौरान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण वृक्षारोपण से संबंधित नारे लगाकर आमजन को प्रेरित किया। रैली का नेतृत्व शिविर संचालक मुकुट बिहारी गुप्ता सचिव स्थानीय संघ करौली मुकेश कुमार सारस्वत ट्रेनिंग काउंसलर पूरन सिंह डांगुर ब्रजकिशोर भारद्वाज राजेश सिंह गुर्जर जगबीर सिंह शक्ति सिंह राज्य पुरस्कार रोवर लव कुश मंगल निपुण रोवर पीयूष नामा ने किया।